# डायमंड लीग

## चर्चा में क्यों

हाल ही में नीरज चोपड़ा, **वर्ष 2024 डायमंड लीग फाइनल** में दूसरे स्थान पर रहे, वह केवल 1 सेंटीमीटर से शीर्ष स्थान से चूक गए

## प्रमुख बिंदु

- नीरज चोपड़ा ने **87.86 मीटर** थ्रो किया और **ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स** से दूसरे स्थान पर रहे जिन्होंने **87.87 मीटर** थ्रो किया।
- चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ थ्रो उनके तीसरे प्रयास में आया, जबकि पीटर्स का विजयी थ्रो उनके पहले प्रयास में ही प्राप्त हो गया।
- वर्ष **2022 में ट्रॉफी** जीतने के बाद, यह चोपड़ा का **डायमंड लीग फाइनल** में लगातार दूसरा उपविजेता स्थान था।
- उन्होंने पूरे सीज़न में लगातार शीर्ष दो स्थान पर रहने का सिलसिला कायम रखा।

## डायमंड

- **डायमंड लीग** विश्व एथलेटिक्स द्वारा आयोजित आउटडोर ट्रैक और फील्ड मीटिंग की एक वार्षिक शृंखला है, जिसकी **स्थापना वर्ष 2010** में हुई थी।
- इसमें **32 डायमंड डिसिप्लिन कार्यक्रम** शामिल हैं, जिनमें से प्रत्येक बैठक में इनमें से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।
    - **डायमंड लीग के 32 विषय इस प्रकार हैं**
        - **पुरुष:** 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर/मील, 3000 मीटर/5000 मीटर, 3000 मीटर SC (स्टीपलचेज़), 110 मीटर बाधा दौड़, 400 मीटर बाधा दौड़, ऊँची कूद, पोल वॉल्ट, लंबी कूद, ट्रिपल जंप, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, जेवलिन थ्रो
        - **महिलाएँ:** 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर/मील, 3000 मीटर/5000 मीटर, 3000 मीटर SC (स्टीपलचेज़), 100 मीटर बाधा दौड़, 400 मीटर बाधा दौड़, ऊँची कूद, पोल वॉल्ट, लंबी कूद, ट्रिपल जंप, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, जेवलिन थ्रो।
- **डायमंड डिसिप्लिन का दर्जा** खोने वाली कुछ प्रतियोगिताओं को **विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर** में स्थानांतरित कर दिया जाता है , जो ट्रैक और फील्ड प्रतियोगिताओं का दूसरा स्तर है।
- वर्ष 2024 डायमंड लीग का फाइनल 13 और 14 सितंबर को ब्रुसेल्स, बेल्जियम में संपन्न हुआ।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/diamond-league-2